हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 नवंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

11 एनालिटिकल साइंसेज- शेपिंग द फ्यूचर थीम पर विशेषज्ञों ने साझा किए शोध

12 भावनात्मक ब्लैकमेलिंग को लेकर सतर्क रहें


## खबर संक्षेप



### नशे के खिलाफ रैली निकाल जागरूक किया

**रोहतक।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एमआरडीएवी कॉलेज में बृहस्पतिवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की विशेषता यह रही कि इसमें कॉलेज के सभी दिव्यांग बच्चे और विद्यार्थी उत्साह के साथ शामिल हुए और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। रैली के दौरान विद्यार्थी आसपास के गांवों में पहुंचे और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। बच्चों ने पोस्टर, नारे और संदेशों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी।

### युवक और उसकी मां पर किया हमला

**सांपला।** कस्बे के वार्ड नंबर एक निवासी ऋषि व उसकी मां पर पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने हमला कर दिया। पुलिस ने ऋषि के बयान पर हिमांशु और योगेश के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। ऋषि ने शिकायत में बताया कि वह कुलताना गया हुआ था। वापिस बाइक पर अपनी मां को लेकर वापिस घर आने लगा तो हिमांशु और योगेश ने लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। शौर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो भाई घायल

**सांपला।** बाइक पर रोहद जा दो भाई घायल हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घायल समचाना निवासी रामू के बयान पर अज्ञात ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। रामू ने बताया कि वह और उसका भाई सुरेश सुबह दोनों बाइक पर सवार होकर रोहद जा रहे थे। सांपला मंडी के पास एक ट्रेक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। घटना के बाद चालक फरार हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### गैर शिक्षक कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 21 नवंबर को नवनिर्वाचित गैर शिक्षक कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।
गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश कौशिक ने बताया कि कैबिनेट मंत्री डा. अरविन्द शर्मा शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्यातिथि तथा पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह समारोह की अध्यक्षता करेंगे। पूर्व विधायक नरेश शर्मा, ओलंपियन योगेश्वर दत्त, डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक तथा कुलसचिव डा. कृष्णकांत बतौर की गरिमामयी उपस्थिति समारोह में रहेगी। यह कार्यक्रम राधाकृष्णन सभागार में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।

### पटेल की जयंती पर आज यूनिटी मार्च

**रोहतक।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर 21 नवंबर को यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए यात्रा के संयोजक राजेंद्र रावत ने बताया कि प्रातः 8:30 बजे गांव गद्दी खेड़ी मोड़ से इस यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार व भाजपा नेता दीपक निवास हुड्डा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा का नगर में अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया जाएगा।

## काहनी में ऑनर किलिंग का मामला : गांव में रहने से नाराज भाई पर हत्या का आरोप

# गांव में दहशत का माहौल, पुलिस ने चार टीम बनाई आरोपितों को पकड़ने के लिए कई जगह छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में ऑनर किलिंग की एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। काहनी गांव में बुधवार की रात लव मैरिज से नाराज भाई ने अपनी बहन सपना (23) की गोलियों से हत्या कर दी। हमले में उसके देवर साहिल को भी गोली लगी, जिसे गंभीर हालत में पीजीआई में भर्ती कराया गया है। घटना के समय सपना का पति सूरज घर पर मौजूद नहीं था, जिससे उसकी जान बच गई।


सपना का फाइल फोटो

वारदात के बाद आरोपी भाई संजू और उसके साथी पिस्टल लहराते हुए घटनास्थल से फरार हो गए। आरोपियों की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस व एफएसएल की इंचार्ज सरोज दहिया मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है और चार टीमे गठित करके छापेमारी शुरू कर दी है।

### लव मैरिज पर परिवार की नाराजगी बनी वजह

घटना की शुरुआत तीन साल पहले हुई जब काहनी गांव के सूरज और सपना ने प्रेम विवाह किया था। सूरज ऑटो चलाकर परिवार का खर्च चलाता है। शादी के बाद दोनों कुछ समय तक रोहतक में किराए के मकान में रहे। उनका दो वर्ष का एक बेटा भी है। कुछ महीने पहले दोनों गांव वापस आकर रहने लगे थे। इसी बात को लेकर सपना के मायके पक्ष में नाराजगी बढ़ती गई। गांव में लौटने को वे सामाजिक अपमान मान रहे थे। सूरज की मां निर्मला के अनुसार, शादी के बाद सपना का परिवार विरोध करता रहा। दोनों परिवारों के बीच कई बार बातचीत हुई लेकिन सपना के घरवालों ने रिश्ता स्वीकार नहीं किया।


**रोहतक।** मौके पर जांच करती एफएसएल की टीम और पुलिस।


**रोहतक।** घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़।


**रोहतक।** पीजीआई में पुलिस से बातचीत करते परिजन।

### रात 9:40 बजे घर में घुसे हमलावर

**सीसीटीवी में नजर आए**



निर्मला ने बताया कि बुधवार की रात वह घर पर थीं। उनके साथ बहू सपना और छोटा बेटा साहिल भी मौजूद था। सूरज ऑटो लेकर काम पर गया हुआ था। रात करीब 9 बजकर 40 मिनट पर सपना का भाई संजू तीन साथियों के साथ घर के बाहर पहुंचा। सीसीटीवी में उनकी हर गतिविधि रिकॉर्ड हो रही थी। कैमरे में देखकर ही परिवार को शक हो गया कि वे किसी गलत इरादे से आए हैं। निर्मला के मुताबिक, उन्होंने सपना और साहिल को बाहर न निकलने की हिदायत दी, लेकिन तब तक हमलावर दरवाजा धकेलते हुए अंदर घुस आए। संजू ने आते ही सपना पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और करीब पांच गोलियां मारीं। सपना की मौके पर ही मौत हो गई।

### देवर को गोली मारी

फायरिंग की आवाज सुनकर साहिल अपनी भाभी को बचाने दौड़ा। तभी संजू ने उसकी छाती पर पिस्टल तानकर गोली चला दी। गोली उसके आर-पार हो गई। भाभी को बचाने की कोशिश में साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। निर्मला ने घायल साहिल को अंदर खींचकर कमरे में छुपा दिया। इसके बाद हमलावरों ने घर के मुख्य गेट पर चार-पांच राउंड और फायर किए और फरार हो गए। निर्मला ने बताया कि साहिल का उसी दिन जन्मदिन था। उन्होंने कहा कि अगर सूरज घर पर होता तो हमलावर उसको भी मार देते।

### परिवार सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता था

निर्मला ने बताया कि सपना और सूरज स्कूल टाइम से एक-दूसरे को जानते थे। दोनों का रिश्ता किसी से छुपा नहीं था। सपना के परिवार को पूरी जानकारी थी। यहां तक कि शादी से पहले भी दोनों परिवारों के बीच बातचीत हुई थी, लेकिन सपना के घरवालों ने रिश्ता स्वीकार नहीं किया और लड़की की शादी कहीं और करने की बात कहते रहे। निर्मला ने बताया कि ढाई साल पहले उनके पति की मौत हो चुकी थी और परिवार अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता था। इसी कारण घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे, जिसने घटना को रिकॉर्ड कर दिया।


**रोहतक।** पति के साथ सपना का फोटो, इनसेट में देवर साहिल

### सूरज बोला-कोर्ट मैरिज की सजा मिली

सपना के पति सूरज ने बताया कि वह घटना के समय गांव के अड्डे पर था, जब उसे फोन आया कि घर में फायरिंग हुई है। जब वह दौड़कर घर पहुंचा तो पत्नी की लाश पड़ी थी और छोटा भाई खून से लथपथ था। सूरज का कहना है कि हमारी कोर्ट मैरिज से मेरे साले को हमेशा ऐतराज था। इसी वजह से उन्होंने यह सब किया। मैं चाहता हूं कि कानून ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दे।

### सीसीटीवी में भागते दिखे आरोपी

घटना में इस्तेमाल पिस्टल और हमलावरों की गतिविधियां सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रही हैं। फुटेज में संजू और उसके साथी घर की तरफ बढ़ते, पिस्टल लहराते और वारदात के बाद तेजी से भागते हुए दिख रहे हैं।

### शादी के समय भी दी थी सुरक्षा



यह ऑनर किलिंग का स्पष्ट मामला है। सपना और सूरज ने गांव में शादी की थी, इसी रंजिश में भाई ने दोस्तों के साथ मिलकर बहन की हत्या की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपियों की पहचान कर ली गई है। मुख्य आरोपी संजू के अलावा चार अन्य सहयोगी भी वारदात में शामिल हैं। एसपी के निर्देश पर चार टीमें गठित की गई हैं जो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं। शादी के समय पुलिस ने सूरज और सपना को सुरक्षा भी उपलब्ध कराई थी। दोनों काफी समय तक गांव से बाहर रहे और जब खतरे की आशंका कम लगी, तब गांव लौटे थे।

*-रवि खुंडिया, डीएसपी, रोहतक*

## छात्र नेता प्रदीप मोटा को लेकर विद्यार्थियों ने जलाए पुतले



**रोहतक।** गमला प्रकरण को लेकर छात्र नेता प्रदीप मोटा पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रशासन ने यूनिवर्सिटी प्रवेश पर दो साल के लिए रोक लगा दी है। इसके विरोध में वीरवार को संयुक्त छात्र संघर्ष समिति ने एमडीयू प्रशासन को पुतला जलाकर विरोध जताया। विद्यार्थियों ने कहा कि ये इस तरह से छात्र पर प्रतिबंध लगाना लोकतंत्र की हत्या है। इन्होंने कहा कि विश्व विद्यालय कैंपस में प्रवेश पर प्रतिबंध अत्यंत निंदनीय, पक्षपातपूर्ण और प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करने वाला निर्णय है। छात्रों का कहना है कि गमला फैक्टरी के अवैध संचालन की सूचना मिलने पर वे दयानंद वाटिका पहुंचे थे, ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी थी कि वह छात्रों से संवाद स्थापित करता, तथ्यों की निष्पक्ष जांच करता और अपनी स्थिति स्पष्ट करता, न कि जल्दबाजी में मुकदमे दर्ज कर छात्रों को अपराधी की तरह प्रस्तुत करता। इस तानाशाही रवैये के कारण समस्त छात्र समुदाय में भारी रोष व्याप्त है। छात्र संगठनों का स्पष्ट कहना है कि प्रदीप मोटा पर लगाया गया दो वर्ष का प्रतिबंध अन्यायपूर्ण है।

■ छात्र बोले इस तरह से किसी छात्र पर प्रतिबंध लगाना लोकतंत्र की हत्या

# बलियाणा डबल मर्डर केस, मुख्य आरोपी संजय सहित तीन लोग 3 दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव बलियाणा में पिता–बेटे की गोली मारकर की गई सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने मुख्य आरोपी संजय सहित उसके दो साथियों विरेंद्र और रोहित को कोर्ट के आदेश पर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। इसके अलावा घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों को जिला सोनीपत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश कुमार ने बताया कि 7 नवंबर को दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि गांव बलियाणा में एक ही परिवार के धर्मबीर और उसके बेटे दीपक उर्फ टीनू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के भाई की शिकायत पर थाना आईएमटी में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि धर्मबीर के दो बेटे सचिन उर्फ सागर और दीपक उर्फ टीनू है।



### मुठभेड़ के बाद पकड़े थे

वर्ष 2023 में गांव के ही युवक जगबीर की हत्या हुई थी, जिसमें धर्मबीर के बड़े बेटे सचिन का नाम सामने आया था और वह वर्तमान में जेल में बंद है। इसी घटना का बदला लेने की नीयत से जगबीर के भाई संजय ने अपने साथियों के साथ मिलकर धर्मबीर और उसके छोटे बेटे दीपक की हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। घटना के दिन 7 नवंबर को इस मामले में शामिल आरोपी हिमांशु और सन्नी को सोनीपत पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान काबू किया। मुठभेड़ में दोनों आरोपी घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य ठीक होने पर 18 नवंबर को अदालत के आदेश पर उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर लिया।

### मजदूरों को श्रम कानूनों की जानकारी दी

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन, तथा सीजेएम-सचिव डॉ. तरन्नुम खान जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में श्रमिक सुरक्षा अभियान के तहत आईएमटी स्थित शिवम ऑटो टेक लिमिटेड में श्रमिकों के कल्याण हेतु एक कानूनी जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों, श्रम कानूनों से मिलने वाले संरक्षण, दुर्घटना व सामाजिक सुरक्षा लाभ, वैतनिक अधिकार, महिला श्रमिकों के अधिकार, कार्यस्थल पर सुरक्षा, नशामुक्ति तथा घरेलू हिंसा संबंधी कानूनी उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।इस अवसर पर मुख्य वक्ता राजबीर कश्यप, एडवोकेट रहे, जिन्होंने श्रमिकों को अवगत करवाया।

# सनसिटी सेक्टर-36ए में मेंटेनेंस घोटाले का आरोप, आरडब्लूए ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सनसिटी सेक्टर-36ए में मेंटेनेंस कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। समाधान कमेटी ने ज़िला सचिवालय में सेक्टर-36ए की आरडब्लूए के प्रधान बलजीत नेहरा ने जिला डेप्युटी प्रोग्राम ऑफिसर राजपाल चहल को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एस्टेट मैनेजर पर गंभीर घोटाले और मेंटेनेंस कार्यों में भारी लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। प्रधान बलजीत नेहरा ने बताया कि सेक्टर में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। सड़क, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज, पार्कों की देखरेख और सुरक्षा व्यवस्था पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि एस्टेट मैनेजर द्वारा मेंटेनेंस फंड का गलत उपयोग किया गया है और कई कामों में फर्जी बिल व रिकॉर्ड तैयार किए गए हैं। नेहरा ने बताया कि निवासियों ने कई बार एस्टेट मैनेजर से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा लोगों को टालमटोल कर जवाब दिए गए। इससे निवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मेंटेनेंस कार्यों की स्वतंत्र जांच कराई जाए और एस्टेट मैनेजर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर आरडब्लूए टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। डीडीपीओ राजपाल चहल ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच का आश्वासन दिया और कहा कि दोषी पाए जाने पर कार्रवाई से पीछे नहीं हटा जाएगा।

### रोहतक की तनीषा कादयान का भारतीय टीम में चयन



**रोहतक।** सीनियर वर्ल्ड किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय टीम में रोहतक की तनीषा कादयान ने जगह बनाने की उपलब्धि हासिल की। आबूधाबी में 21- 30 नवंबर तक आयोजित शब्द चैंपियनशिप में तनीषा कादयान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी तनिषा कादयान 65 किलो भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। वर्ल्ड चैंपियन टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाली रोहतक की एकमात्र खिलाड़ी है। तनीषा कादयान को अच्छा प्रदर्शन के लिए इनके कोच दीपक सिवाच ने शुभकामना दी हैं।

## ग्रेटर नोएडा में हरियाणा के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

*दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते*

# वर्ल्ड कप फाइनल एडिशन में साई के बॉक्सरों का शानदार प्रदर्शन, पांच खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

- 48 किलोग्राम भारवर्ग में मीनाक्षी ने दमदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता
- 60 किलोग्राम भारवर्ग में परवीन ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया
- 75 किलोग्राम भारवर्ग में स्वीटी ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया।


मीनाक्षी हुड्डा


परवीन


अभिनाश जमवाल


स्वीटी बूरा


नवीन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वर्ल्ड कप फाइनल एडिशन 05 में साई केंद्र के पांच बॉक्सरों ने देश का नाम रोशन करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि प्रतियोगिता में जितने खिलाड़ी शामिल हुए, सभी ने पदक जीतकर केंद्र की उत्कृष्ट तैयारी और कड़े प्रशिक्षण को साबित किया। पांच खिलाड़ियों ने कुल पांच पदक अपने नाम किए, जिनमें दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। 48 किलोग्राम भारवर्ग में मीनाक्षी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उनके बेहतरीन फुटवर्क और तेज पंचों ने विपक्षी खिलाड़ियों को कोई मौका नहीं दिया।

वहीं 60 किलोग्राम भारवर्ग में परवीन ने भी अपने वर्ग में शानदार मुकाबले करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जिससे भारत की पदक तालिका और मजबूत हुई। 75 किलोग्राम भारवर्ग में स्वीटी ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने अपने अनुभव और तकनीक से विरोधियों को कड़ी टक्कर दी। दूसरी ओर 65 किलोग्राम में अभिनाश जमवाल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया और दर्शाया कि मेहनत और अनुशासन हमेशा सफलता दिलाते हैं। 90 किलोग्राम भारवर्ग में नवीन कुमार ने अपने दमदार मुक्कों और मजबूत रक्षात्मक तकनीक के बल पर कांस्य पदक जीतकर केंद्र का गौरव बढ़ाया। केंद्र प्रभारी डीडी गौरव रावत ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता, कोचों के मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भी साई के खिलाड़ी इसी तरह देश का नाम रोशन करेंगे।

### गंदगी फैलाने वालों के चालान, किया जा रहा जागरूक

**रोहतक।** नगर निगम रोहतक शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार कदम उठा रहा है। वीरवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर की सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए नए निर्देश दिए गए। आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक स्थान और बाजार क्षेत्र की स्वच्छता शहर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और अब गंदगी फैलाने की कोई भी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर निगम कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में समय पर उपस्थित रहने और कार्य को पूरी लगन से करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि पहले कूड़ा उठाने की शिकायतों की संख्या 50-60 के बीच आती थी, जो अब घटकर 10-15 तक रह गई है। सभी सहायक सफाई निरीक्षकों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि उनके वार्ड में कूड़े का उठान हो।



स्पेशल: वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे, 26 नवंबर

बच्चो, हमें स्वस्थ रहने के लिए हमारे पर्यावरण का स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। पर्यावरण यानी एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने के लिए सिर्फ बड़े ही नहीं बच्चे भी प्रयास कर सकते हैं। बच्चे कुछ सावधानियां बरतकर, कुछ छोटे-छोटे काम करके एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं, जानो।

# छोटे-छोटे प्रयासों से बनो एन्वॉयर्नमेंट वॉरियर

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, आज दुनियाभर में बड़ों की सबसे बड़ी चिंता है, तुम्हारे लिए यानी नई पीढ़ी के लिए धरती को हरा-भरा रखने की। पानी बचाने के साथ ही साफ-सफाई और हवा को शुद्ध रखने के लिए भी दुनिया के हर कोने में लोग चिंतित हैं। 'वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे' इस फ्रंट पर अवेयरनेस लाने का दिन है। बच्चो, पर्यावरण को सहेजने की इस मुहिम में तुम भी अपनी भागीदारी निभा सकते हो। बहुत से छोटे-छोटे काम करते हुए एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने वाले वॉरियर बन सकते हो।



**अपनाओ ईको-कॉन्शस हैबिट्स:** बच्चो, ईको-कॉन्शस हैबिट्स पर्यावरण सहेजने से जुड़ी अवेयरनेस वाली आदतें होती हैं। ऐसी आदतें अपनाकर अपनी लाइफस्टाइल को कुछ यूं ढाल लिया जाता है कि हवा, पानी, मिट्टी पर नकारात्मक असर ना हो। अच्छी बात यह है कि इसके लिए अपने डेली रूटीन में कोई बड़ा बदलाव करने की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम उठाते हुए भी एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में अपनी भागीदारी निभाई जा सकती है। जैसे अपनी सोसाइटी या कॉलोनी में ईको ग्रुप बनाकर आस-पास पेड़-पौधे लगाना, बाहर नहीं तो घर में ही एक प्लांट की देखभाल करना, कचरा ना फैलाना, खाना जूठा ना छोड़ना, पानी बचाना आदि। ईको कॉन्शस हैबिट्स सीधे-सीधे हवा, पानी और मिट्टी को सहेजने और साफ रखने से जुड़ी हैं। इनसे ही तो हमारा पर्यावरण बना है।

**कचरा घटाओ-ऊर्जा बचाओ:** बच्चो, वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे पर कचरा घटाने और ऊर्जा बचाने पर विशेष बल दिया जाता है। कचरा कम करना यानी कि स्वच्छ परिवेश और रिसोर्सेज का किफायती इस्तेमाल। वहीं ऊर्जा बचाना यानी बिजली, गैस या ऑयल का सोच-समझकर उपयोग करना। इसके लिए जब इस्तेमाल ना हो रहे हों तो लाइट, पंखे, टीवी और अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस को ऑफ करना ना भूलो। बच्चो, किसी भी तरह की एनर्जी प्रोडक्शन के लिए नेचुरल रिसोर्सेज ही यूज किए जाते हैं।

**अपनाओ 'थ्री आर' रूल:** बच्चो, पढ़ाई-लिखाई के साथ ही अपने आर्ट एंड क्राफ्ट को भी ईको फ्रेंडली बनाओ। पुराने पेपर्स के साथ भी अपनी कलाकारी दिखाओ। अपनी आर्ट बुक का कोई पेज खराब ना होने दो। इसके लिए 'थ्री आर' रूल अपनाओ। थ्री आर यानी-रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल। मतलब, कागज का कम इस्तेमाल, जितना संभव हो पेपर को दोबारा किसी न किसी काम में लेना और यहां-वहां फेंकने के बजाय इन्हें उचित ढंग से रिसाइकिल करने के लिए भेजना। ऐसा करने से हमारे आस-पास साफ-सफाई रहेगी और प्रदूषण कम होगा। साथ ही धरती की हरियाली भी कायम रहेगी।



**चुनो ईको फ्रेंडली सवारी:** गाड़ियों से निकलने वाला गरम जहरीला धुआं। डीजल, पेट्रोल, गैस की बढ़ती खपत और इन गाड़ियों से निकलने वाला शोर पर्यावरण को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। बच्चो, यह कितना अजीब है न कि सुबह-शाम पार्क में दौड़ लगाने वाले लोग थोड़ी दूर भी पैदल नहीं चलते। आस-पास जाने के लिए भी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। तुम तो अभी से ही हेल्थ और एन्वॉयर्नमेंट बिगाड़ने वाली इस आदत से दूर रहो। यूं भी तुम्हारे लिए तो साइकिल सबसे प्यारी सवारी है। आस-पास की किसी शॉप, फ्रेंड के घर, स्कूल या पार्क में खेलने साइकिल से जाओ। साइकिल चलाने से ना तो प्रदूषण होता है और न ही इसमें कोई फ्यूल यूज होता है। साइकिल से तो नॉइज पॉल्यूशन भी नहीं होता। हमारे लिए ईको फ्रेंडली सवारी का चुनाव हर तरह से अच्छा ही होता है। आज के समय में तो साइक्लिंग फिटनेस की एक जरूरी एक्टिविटी भी है। साइक्लिंग के अलावा, पैदल चलना, लिफ्ट के बजाय सीढ़ी चढ़ना जैसी आदतें भी नेचर को बचाने में मददगार बनती हैं। *

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

## पर्यावरण



आओ बच्चो प्यारे बच्चो!
पर्यावरण को साफ बनाएं।
हर जन को जाग्रत कर दें,
पॉलीथीन को दूर भगाएं।।
नदी ताल और नालों में,
मच्छर कभी पनप न पाएं।
बंजर भू में मेहनत करके,
नए पौध की रेल उगाएं।।
गमलों में बोनसाई बोकर,
बंगला फ्लैट सभी सजाएं।
जल और वायु जीवन अपना,
हर जन तक संदेश पहुंचाएं।।
खूब उगाकर पेड़ जहां में,
मौसम का संतुलन बनाएं।
करें दोस्ती प्रकृति से फिर
पर्यावरण सुंदर बनाएं।।

मम्मी जब नोटबुक के बचे पेजों को इस्तेमाल करने लगीं तो ऋषभ ने उन्हें नई नोटबुक देनी चाही, लेकिन मम्मी ने लेने से मना कर दिया। इसके पीछे उन्होंने जो वजह बताई, सुनकर ऋषभ चौंका। मम्मी ने जो बताया, बच्चो इसकी जानकारी तुम्हें भी होनी चाहिए।

# पेड़ और कागज



नॉलेज टॉक
पूजा भारद्वाज

मम्मी आप मेरी पुरानी नोटबुक में कहानी क्यों लिख रही हैं? मैं दूसरी ले आता हूं, मेरे पास रखी हैं नई नोटबुक्स।' आठ साल का ऋषभ अपनी मम्मी को पुरानी नोटबुक में लिखते देखकर बोला।

'नहीं बेटा, मुझे नई नोटबुक नहीं चाहिए। इसी में लिखूंगी मैं।' मम्मी ने नई नोटबुक लेने से इंकार कर दिया। 'लेकिन मम्मी यह तो भरी हुई है।' ऋषभ बोला। 'भरी कहां है? पूरे ग्यारह पेज खाली हैं इसमें। इतने बहुत हैं मेरे लिए।' मम्मी ने नोटबुक के खाली पन्ने दिखाए। ऋषभ बोला, 'लेकिन मम्मी वो बीच-बीच में छोड़े गए पेज हैं।' 'हां तो क्या हुआ, हैं तो पेज ही। लिखने के काम ही आने हैं।' कहकर मम्मी हंसीं। 'लेकिन मम्मी आप ऐसे बचे हुए पन्नों पर क्यों लिख रही हैं?' ऋषभ ने पूछा। 'कुछ पेड़ बचाने के लिए।' मम्मी ने तुरंत जवाब दिया। मम्मी की इस बात पर ऋषभ चौंका, 'पेड़.. वो कैसे बचेंगे?' मम्मी ने नोटबुक एक ओर रखकर उसे अपने पास बैठाया और प्यार से बोलीं, 'तुम्हें मालूम है ये पेज किससे बनते हैं?' ऋषभ ने ना में सिर हिला दिया। 'यह बनते हैं लुगदी से, और लुगदी बनाई जाती है पेड़ की छाल से। कागज का निर्माण पूरी तरह से पेड़-पौधों पर निर्भर होता है, क्योंकि कागज बनाने के लिए कच्चे माल हेतु लकड़ी की लुगदी, कपड़े का टुकड़ा, गेहूं की पुआल या भूसे का प्रयोग किया जाता है।' मम्मी ने पूरी जानकारी दी।



'परंतु पेड़ से ही क्यों बनाते हैं कागज?' ऋषभ ने उत्सुकता से पूछा। 'क्योंकि कागज बनता है सेल्युलोज से। यह एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जो पेड़ की लकड़ी में पाया जाता है।' मम्मी ने जानकारी दी।

'अच्छा..!' ऋषभ को बात समझ में आ रही थी। मम्मी ने आगे भी बताया, 'और हां, कागज सभी पेड़ों से नहीं बनता है। इसे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले पेड़ हैं- चीड़, मैपल, ओक, सनोबर, बुर्ज, हेमलोक और लार्च आदि। क्योंकि इनकी लकड़ी में सेल्यूलोज अच्छी मात्रा में होता है। एक पेड़ से लगभग 8333 पेज बनते हैं। इस तरह केवल कागज के लिए, हर साल दुनिया में चार से आठ अरब पेड़ काटे जाते हैं यानी, हर दिन अमूमन अस्सी हजार पेड़ कटते हैं, तुम्हारी इन कॉपी-किताबों को बनाने के लिए। इसलिए, हमें कभी भी कागज को बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसका जितना हो सके उतना अधिकतम उपयोग करके ही रद्दी में डालना चाहिए और यह बात तुम्हें भी याद रखनी होगी, क्योंकि मैं अक्सर देखती हूं, तुम्हारी कॉपियों में बहुत से खाली पेज रहते हैं फिर भी तुम उन्हें रद्दी में फेंक देते हो। यह बहुत गलत बात है बेटा। फालतू में कागज कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए, क्योंकि पुराने कागजों से दोबारा नया कागज बन सकता है। कॉपी-किताबों को हम जितना बचाएंगे, सही तरीके से उपभोग करेंगे तो कुछ पेड़ों को बचाने में अपना योगदान दे सकेंगे। अब समझे मेरा बचे पन्नों पर लिखने का मतलब?' 'हां मम्मी, बिल्कुल समझ गया।' ऋषभ मुस्कराते हुए बोला। 'तो करो प्रॉमिस कि आगे से एक-एक कागज का मोल समझोगे और इन्हें कभी बर्बाद नहीं करोगे।' मम्मी ने प्रॉमिस के लिए आगे हाथ बढ़ाया।

ऋषभ ने भी मजबूती से अपना हाथ वादा निभाने के लिए मम्मी के हाथ में थमा दिया और दोनों जोर से हंस पड़े। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## हंसाते-गुदगुदाते बाल गीत

बच्चो, तुम्हें ऐसे बालगीत मिल जाएं, जो गुनगुनाने के साथ हंसाएं भी तो तुम्हें जरूर मजा आएगा। ऐसे ही बालगीतों का एक नया संग्रह आया है 'नानी जी की मोरनी'। इसके रचयिता हैं शिवचरण चौहान। इस संग्रह में 26 बालगीत संकलित हैं। संग्रह के सभी बालगीत तुम्हें हंसाएंगे-गुदगुदाएंगे। इनकी राइमिंग इतनी बेहतरीन है कि इन बाल गीतों को पढ़ते हुए तुम इन्हें गाने से खुद को रोक नहीं पाओगे। बच्चो, इस संग्रह में शामिल बाल गीतों में तुमको विषयों की विविधता भी मिलेगी। इस कारण इन्हें पढ़ते हुए रोचकता बनी रहेगी। 'नानी जी की मोरनी', 'चाचा और मामा', 'बागड़ बिल्ला', 'बर्फी या रसगुल्ला' जैसे कई बाल गीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे।



'दाऊ और कन्हैया' और 'मूषक और गणेश' पढ़ते हुए तुम्हें 'लिटिल कृष्णा' और 'बाल गणेशा' याद आएंगे। संग्रह में तुम्हारे फेवरेट कॉमिक कैरेक्टर 'चाचा चौधरी' पर भी एक बालगीत मिलेगा, जिसका शीर्षक है, 'मूंछों वाले चाचा।'

बच्चो, इस किताब में ज्यादातर बाल गीतों के साथ मोहक चित्र भी हैं, जो संग्रह की सुंदरता को और बढ़ाते हैं। *

**किताब:** नानी जी की मोरनी (बाल गीत संग्रह), **लेखक:** शिवचरण चौहान, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** रवीना प्रकाशन, दिल्ली

ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों इस बात से दुखी, चिंतित थीं कि असुरक्षित पर्यावरण के कारण तीनों का अस्तित्व खतरे में है। तभी तीनों ने पृथ्वी पर बच्चों को कुछ ऐसा करते देखा कि उनके भीतर नई उम्मीदें जागीं। ठंडी, गर्मी और बारिश ने बच्चों को ऐसा क्या करते देखा

# उम्मीद अभी बाकी है





कहानी
उपासना बेहार

ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों सखियां मजे से साथ-साथ रहती थीं। इनको चार-चार माह काम पर जाना पड़ता था। तीनों सखी अपने काम को बखूबी निभा रही थीं। जिसका जब समय आता, वह अपने निर्धारित महीने काम पर चली जाती। लेकिन पिछले कुछ सालों से इनके काम पर जाने के समय में गड़बड़ी होने लगी है। गर्मी को ज्यादा समय काम करना पड़ रहा है, जबकि बारिश और ठंड के काम का समय कम हो गया है। कभी-कभी तो यह होता है कि बारिश बेसमय ठंड के और गर्मी के घर जाकर गिर पड़ती है। तीनों इस बदलती हुई परिस्थिति को देख हैरान हैं।

एक दिन ठंड ने गर्मी से कहा, 'सखी, तुम भाग्यशाली हो अब तुम्हारा समय ज्यादा हो गया, लेकिन मेरा और बारिश का समय घट गया है, हमारे समय को भी तुम लेती जा रही हो।' गर्मी गंभीर होकर बोली, 'तुम्हें क्या पता, मैं इस आग उगलते मौसम में कैसे रहती हूं, पूरी झुलस जाती हूं। मैं तो बिल्कुल नहीं चाहती कि ज्यादा समय रहूं, लेकिन इन इंसानों ने अपने स्वार्थ के चलते धरती से बेहिसाब पेड़-पौधे काट डाले हैं। अब भी रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेड़-पौधों के बिना तो हम तीनों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यही स्थिति रही तो एक दिन यह पृथ्वी भी नहीं रहेगी।' बारिश बहुत देर से इन दोनों की बातें सुन रही थी, उसके आंख में आंसू आ गए, वह बोली, 'आप दोनों सही बोल रही हैं, पृथ्वी विनाश की और बढ़ रही है। इंसान अपनी विलासिता पर ही केवल ध्यान दे रहा है। पहले पेड़-पौधों को काटकर गर्मी बढ़ा ली। अब गर्मी से बचने के लिए एसी लगा कर वातावरण को और गर्म कर रहे हैं। वो यही नहीं रुके हैं, अब तो शक्तिशाली बम बना रहे हैं, इसका उपयोग कर रहे हैं। इससे भी वातावरण प्रदूषित होता है।' गर्मी दुखी होकर बोली, 'अब कोई आस नहीं बची है, जिस दिशा में इंसान जा रहा है, वो समय ज्यादा दूर नहीं है, जब हम धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे और यह दुनिया भी।'

तीनों सहेलियां अपने आपको असहाय महसूस कर रही थीं। तभी ठंड ने कहा, 'देखो सखी, वो है हमारी उम्मीद की किरण।' गर्मी और बारिश ने उस तरफ देखा। धरती पर बहुत सारे बच्चे पेड़ लगा रहे थे। बारिश ने खुश होकर कहा, 'मैं जाकर उनकी मदद करती हूं। थोड़ा पानी दे देती हूं, जिससे पेड़ अपनी जड़ मिट्टी में जमा लेंगे।' यह कहकर वह बरसने चली गई।

गर्मी भी बोली, 'चलो मैं थोड़ा ताप कम कर देती हूं, जिससे बच्चे आराम से पेड़ लगा सकें।' यह बोलते हुए गर्मी भी चली गई।

ठंड कैसे पीछे रहती उसने सोचा, 'मैं भी हल्की-हल्की हवा चला कर उन बच्चों को प्यार करती हूं।' तीनों सहेलियां नए सिरे से उत्साह से भर गईं। *

कविता
नरेंद्र सिंह नीहार



## सर्दी की आहट

चुपके-चुपके हौले-हौले,
माह नवंबर खिड़की खोले,
सर्दी के मौसम की आहट,
बाबू जी अम्मा से बोले।
ठंडी हवा पहाड़ों वाली,
मानो बजा रही हो थाली।
स्वेटर मौजे टोपी पहनो,
आई सर्दी कंबल वाली।
सुबह देर से आता सूरज,
सबके मन को भाता सूरज।
जल्दी-जल्दी शाम ढले,
घर को अपने जाता सूरज
थोड़ी गर्मी थोड़ी सर्दी,
नरम धूप की उजली वर्दी।
दिन भी लगते सरस सुहावन,
खान-पान में मौजा कर दी।
सेहतमंद है सरसों-पालक,
गाजर, मूली खाते बालक।
गजक, रेवड़ी, मूंगफली,
भर-भर जेबें लाते बालक।।

## हंसगुल्ले



**पिंकी:** अगर नदी में नीबू का पेड़ लगा है तो तुम नदी में जाकर नीबू कैसे तोड़ोगी?
**मिंकी:** चिड़िया बनके।
**पिंकी:** तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**मिंकी:** वही जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया है।
-आशीष, रायपुर

**राजू:** मम्मी, मुझे कुछ ऐसी चीज खाने को दो, जो कभी खत्म ही न हो।
**मम्मी:** ये ले बेटा, च्युइंगम खा।
-शोभित, रोहतक



छोटी कहानी
सिराज अहमद



## फूल, तितली और चींटी

एक बगीचे में एक सुंदर फूल खिला हुआ था। सुबह की धूप में जब तितली वहां आकर बैठी तो फूल मुस्कुरा उठा। लेकिन उसी फूल पर पहले से एक चींटी आराम से लेटी हुई थी। तितली के बैठते ही फूल हल्का-हल्का हिलने लगा, जिससे चींटी की नींद टूट गई। उसे यह अच्छा नहीं लगा। वह गुस्से से बोली, 'तुम किसी और फूल पर जाकर बैठो, यह मेरी जगह है!'

तितली ने जवाब दिया, 'फूल सबके लिए है, तुम्हारे अकेले का नहीं।' इस बात को लेकर दोनों में थोड़ी कहा-सुनी हो गई।

यह देखकर फूल ने धीरे से बोला, 'जब मुझे तुम दोनों के साथ बैठने पर कोई आपत्ति नहीं, तो तुम्हें क्यों है?'

फूल की बात सुनकर चींटी को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने तितली से माफी मांगी। अब दोनों फूल पर साथ बैठ गईं। हवा चली तो फूल झूले-सा झूलने लगा। और दोनों मुस्कुराते हुए उसमें झूलने लगीं। *

## जीके क्विज-180

1. हाल ही में साल 2025 का बुकर लिटरेचर प्राइज किस लेखक को प्रदान किया गया?
2. इन दिनों अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. बिहार के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
4. यूनेस्को के रचनात्मक शहर नेटवर्क में शामिल होने वाला भारत का 9वां शहर कौन-सा है?
5. भारत में रेलवे नेटवर्क की शुरुआत का श्रेय किस ब्रिटिश गवर्नर जनरल को जाता है?
6. 'हितोपदेश' के लेखक कौन हैं?
7. रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) नामक बीमारी किस विटामिन की कमी से होती है?
8. पृथ्वी के सबसे निकट का तारा कौन-सा है?
9. मणिपुर की राजधानी कहां है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य का प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-180 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-179 का उत्तर:** 1.शेफाली वर्मा, 2.नरेंद्र मोदी, 3.छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन, 4. 20 नवंबर, 5. 14 नवंबर, 6.ऊंट, 7.बिहार, 8.शतरंज, 9.कोलंबो, 10.देवेंद्र फडणवीस

**जीके क्विज-179 का सही उत्तर देने वाले:** दित्या-रायपुर, कबीर-हिसार, मन्नत-कैथल, शरद-रायगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, प्रवीण-रायगढ़, अनूप-रायगढ़, आयुष-ईमेल से, कनक-बिलासपुर, अमन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, पूनम-बालोद

## अंतर बताओ

बच्चो, पर्यावरण स्वच्छ रहे, इसके लिए सबसे पहले हम अपने घर को साफ-सुथरा रखें। यहां अपने घर की सफाई कर रही लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये आठों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी आठ अंतर खोजो।





**उत्तर:** 1. लड़की ने बालों में पोनी टेल की बजाय बन बनाया हुआ है। 2.लड़की के हेयर-बैंड में फूल बने हुए हैं। 3.उसकी टी-शर्ट पर बनी हार्ट की डिजाइन गायब है। 4.लड़की ने जो रंग पहना है, उसमें पॉकेट बना हुआ है। 5.उसके ट्राउजर का कलर डिफरेंट है। 6.वैक्यूम क्लीनर पर अलग डिजाइन बनी हुई है। 7.वैक्यूम क्लीनर पर इंडिकेटर/पॉवर बटन दिख रहा है। 8.फ्लोर ब्रश के ऊपर एक बटन लगा हुआ है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, दिए गए चित्र में कुछ लिटिल एनिमल्स अपनी मां से बिछड़ गए हैं। इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम इन्हें इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता बताकर इनकी मदद तो करो जरा।



**खबर संक्षेप**

## गुणवत्ता यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत कल



**रोहतक।** निजी अस्पताल अष्टांग आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का क्वालिटी काउन्सिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) में आर्गनाइजर पार्टनर के रूप में कोलेबोरेशन हुआ है। इस सहयोग का उद्देश्य आयुष अस्पतालों द्वारा सामना की जा रही विभिन्न चुनौतियों का समाधान करना और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। डॉ. संजय जाखड ने बताया कि गुणवत्ता यात्रा अभियान के तहत एक कार्यक्रम कल क्वालिटी काउन्सिल ऑफ इंडिया के नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फ़ॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर व नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर क्वालिटी प्रोमोशन विभाग के अधिकारी गुणवत्ता यात्रा के माध्यम से आयुष अस्पताल संचालकों से सरल और सीधे संवाद करेंगे।

## छोटूराम विधि संस्थान ने लीगल एड कैंप आयोजित

**रोहतक।** छोटू राम विधि संस्थान द्वारा जाट शिक्षण संस्था परिसर में स्थित छोटूराम पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए लीगल एड कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विधिक सहायता प्रदान करना और विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के तहत डॉ. यशवेन्द्र राठी के नेतृत्व में एक विधिक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्रों ने कानून संबंधी स्लोगन वाली तख्तियां लेकर मेन रोड से होते हुए संस्था तक जागरूकता का संदेश दिया।

## युवक 1 किलो 96 ग्राम गांजा सहित काबू

**रोहतक।** पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने एक युवक को 1 किलो 96 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। एएनसी स्टाफ प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सांपला फ्लाईओवर, एनएच-334बी दिल्ली–रोहतक रोड के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

## पांच-सत्रीय हनुमान कथा का समापन



पूर्व मेयर मनमोहन गोयल द्वारा आयोजित पांच-सत्रीय हनुमान कथा का द्वितीय एवं तृतीय सत्र आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और संतों की पावन वाणी से शुद्ध व दिव्य बना रहा।

***कथा में इन संतों का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ***

-बालकनाथ महाराज
-सिद्ध योगी कालिदास महाराज
-महामंडलेश्वर श्री 1008 कमलपुरी महाराज
-महामंडलेश्वर श्री 1008 राघवेंद्र भारती महाराज
-महामंडलेश्वर श्री 1008 करणपुरी महाराज
-अभियुत्तानंद महाराज
-शंकरानंद महाराज

### एमडीयू में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईएसी- 2025 का भव्य शुभारंभ

# एनालिटिकल साइंसेज- शेपिंग द फ्यूचर थीम पर विशेषज्ञों ने साझा किए शोध

- वैज्ञानिक नवाचारों पर हुई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** पुस्तक का विमोचन करते इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, फरीदाबाद के निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) डॉ. आलोक शर्मा,डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक और रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत।

वैज्ञानिक शोध, नई तकनीकों और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के राधाकृष्णन सभागार में वीरवार को चौथी इंडियन एनालिटिकल कांग्रेस (आईएसी- 2025) का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय की उपस्थिति में हुआ। एमडीयू के केमिस्ट्री विभाग और इंडियन सोसाइटी ऑफ एनालिटिकल साइंटिस्ट्स (आईएसएएस)-दिल्ली चैप्टर द्वारा एनालिटिकल साइंसेज-शेपिंग द फ्यूचर विषय पर आयोजित इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आज पहले दिन उभरती वैज्ञानिक तकनीकों, शोध नवाचारों और वैश्विक सहयोग बारे गहन विचार मंथन हुआ। राधाकृष्णन सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, फरीदाबाद के निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) डॉ. आलोक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक और रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आलोक शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में एनालिटिकल साइंसेज में नई तकनीकों और इंटरडिसिप्लिनरी शोध दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। उनका कहना था कि वैज्ञानिक अनुसंधान भविष्य की ऊर्जा और औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक ने एनालिटिकल साइंसेज को आधुनिक विज्ञान का अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से शोध एवं उद्योग जगत में नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि एनालिटिकल साइंसेज उभरती तकनीकों, सतत समाधानों और वैज्ञानिक शोध के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### शोध का उद्देश्य समाज कल्याण: डॉ. कृष्णकांत

रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि ज्ञान साझा करने से ही बढ़ता है तथा शोध का उद्देश्य समाज कल्याण होना चाहिए। उन्होंने शोध कार्यों को प्रयोगशाला से लेकर वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान तक पहुँचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रारम्भ में केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष और इस कार्यक्रम के को कन्वीनर प्रो. देवेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण दिया और सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एनालिटिकल साइंसेज के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र का संचालन प्रो. कोमल जाखड़ ने गरिमामय ढंग से किया। प्रो. हरिओम ने आभार जताया।

### वैज्ञानिकों को किया सम्मानित

सम्मेलन में तीन महत्वपूर्ण कीनोट व्याख्यान प्रस्तुत किए गए, जिनमें स्विट्जरलैंड के डॉ. साइमन फार्नी ने एक्सेलेरेटर मास स्पेक्ट्रोमेट्री में नवीनतम प्रगति, प्रो. पीएल साहू (एनडीटीएल, दिल्ली) ने एंटी-डोपिंग विज्ञान में हो रहे विकास, और के.के. भगचंदानी ने नेतृत्व कौशल में स्टोरीटेलिंग की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। आईएसएएस दिल्ली चैप्टर के वाइस चेयरमैन डॉ. जी.एस. कपूर ने आईएसएएस द्वारा प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आईएसएएस-दिल्ली चैप्टर द्वारा चार वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### ये शोध किए प्रस्तुत

दोपहर में आयोजित प्लेनरी सत्र की अध्यक्षता डॉ. एलेक्स पुलिकोट्टिल (इंडियन आयल आर एंड डी, फरीदाबाद) ने की। इस सत्र में प्रो. अनिल कादियान (बिट्स पिलानी), प्रो. रोबर्टा सिपुलो (इटली), प्रो. योचेन जंकर (ब्राजील) और डॉ. भारत नेवालकर (बीपीसीएल- आर एंड डी) ने ट्रांजिशन-मेटल कैटालिसिस, एआई-आधारित पॉलिमर विश्लेषण, उभरते विश्लेषणात्मक क्षेत्रों और हरित हाइड्रोजन उत्पादन तकनीकों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए। इसके बाद दो समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित हुए, जिनमें एनईपी-2020 आधारित फॉरेंसिक कार्यप्रणालियों, आदि विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने शोध प्रस्तुत किए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

पहले दिन का समापन आरके सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसने प्रतिभागियों के बीच आपसी मेलजोल, संवाद और वैज्ञानिक सहयोग को और प्रगाढ़ किया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. हरिओम, प्रो. प्रीति बूरा दून, प्रो. राजेश कुमार मलिक, प्रो. नवीन कुमार, साक्षी, डॉ. विजय, डॉ. मुखनवती, डॉ. संगीता यादव, रचना धनखड़, बरखा और दीक्षा सहित देश-विदेश से आए अनेक प्रतिभागी, शोधार्थी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**फलों समेत रेहड़ियों को उठा लाए नपा कर्मचारी**

# एक दिन के लिए सब्जी मंडी बनी नगर पालिका



**महम।** नगर पालिका कार्यालय के गेट पर नारेबाजी करते रेहड़ी वाले।

- बाजार में दुकानों के सामने लगा रखी थी रेहड़ियां, आवागन हो रहा था प्रभावित
- नगर पालिका सचिव की दो टूक बाजार में अतिक्रमण नहीं होने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

पिछले कई दिन से महम नगर पालिका ने बाजारों से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान छेड़ रखा है। इस अभियान के तहत नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा दुकानदारों का सामान उठा लिया जाता है और जुर्माना देने के बाद ही छोड़ा जाता है। वीरवार को नगर पालिका कर्मचारी जब अतिक्रमण हटाने के लिए बाजार में गए तो वहां पर दुकानों के सामने फलों की रेहड़ियां लगी हुई थी। सड़क पर रास्ता तंग हो जाने के की वजह से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। ऐसे में नगर पालिका के सेनेट्री इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत ने रेहड़ियों को उठाने का आदेश दिया। नगर पालिका कर्मचारियों ने सड़क के बीच में लगी रेहड़ियों को फलों समेत उठा लिया।

### आमजन को राहत

*नगर पालिका कर्मचारी रेहडियों को कार्यालय परिसर में ले गए। जहां पर फलों की रेहड़ियां ऐसे दिखाई दे रही थी, जैसे वहां पर सब्जी मंडी लगी हुई हो। कुछ ही देर में अपनी अपनी रेहड़ियां लेने के लिए रेहड़ी वाले पहुंच गए। रेहड़ी वालों ने नगर पालिका सचिव नवीन नांदल और सफाई निरीक्षक ब्रह्मजीत से उनकी रेहड़ियां वापस लेने के की गुहार उन्होंने नगर पालिका ऑफिस के गेट के सामने धरना शुरू कर दिया। यहां पर उन्होंने नगर पालिका सचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही व्यापार मंडल महम के प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा भी वहां पहुंच गए। वे उन्हें नगर पालिका के अंदर ले गए और सचिव के साथ बातचीत की। व्यापार मंडल के आग्रह पर नपा सचिव नवीन नांदल ने कहा कि रास्ते में रेहड़ियां नहीं लगनी चाहिएं। उन्हें पीछे हटाकर लगा लें। उसके बाद रेहड़ी वालों ने धरना समाप्त कर दिया और अपनी अपनी रेहड़ियां लेकर वापस बाजार में लौट गए। लेकिन इस बात का असर बाजार में साफ दिखाया दिया। जिससे आमजन को काफी राहत मिली।*

## स्वामी गोविंददेव गिरी महाराज डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी गौकर्ण तीर्थ पहुंचे

**रोहतक।** स्वामी गोविंद्धदेव गिरीज महाराज, कोषाध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि न्यास अयोध्या वीरवार को बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज, गौकर्ण तीर्थ पर आगमन हुआ।



**रोहतक।** गौकर्ण तीर्थ पर स्वामी गोविंददेव गिरीज महाराज, कोषाध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि न्यास अयोध्या का स्वागत करते बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज व पूर्व मेयर मनमोहन गोयल।

उनके पहुंचने पर संत समुदाय और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि से उनका स्वागत किया। स्वामी गोविंददेव गिरी महाराज ने आश्रम परिसर में पहुंचकर बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज के चरणों में नमन किया और तीर्थ स्थल पर भक्तों को आशीर्वाद दिया। उनके आगमन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण देखने को मिला। आश्रम में मौजूद संतों और श्रद्धालुओं ने विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर आश्रम प्रबंधन ने भी संत परंपरा और भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की। स्वामी के आगमन से तीर्थ स्थल का माहौल भक्तिमय हो गया।

## 38 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- लोगों ने विधायक भारत भूषण बत्रा का किया स्वागत



जनसेवा और विकास को समर्पित प्रयासों की कड़ी में वीरवार को विधायक भारत भूषण बत्रा ने 38 लाख रुपए की लागत से किशन पूरा स्थित चौधरी रण सिंह लेन के सामने बनी नई सड़क एवं विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की भारी उपस्थिति रही और लोगों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। बीबी बत्रा ने कहा कि विधायक निधि से बनी इस सड़क के निर्माण से लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक सड़क बन चुकी है और दो सड़के बननी बाकी है। बत्रा ने कहा कि यह सड़के क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब साकार रूप दिया जा रहा है।

### पूरे शहर को विकसित करने का प्रयास

विधायक ने इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि जनता को सभी मूलभूत सुविधाएं सुलभ हों। उनका प्रयास है कि शहर का हर कोना विकसित हो और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न झेलनी पड़े। बतरा ने कहा कि वह रोहतक की लड़ाई चंडीगढ़ तक निरंतर लड़ रहे हैं, अपने शहर की छोटी से छोटी समस्या और जरूरत को वह भली भांति समझते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक निधि की राशि का शहर की जनता के लिए पूरा प्रयोग किया जा रहा है। इस मौके पर पार्षद विजेंद्र हुड्डा, पूर्व पार्षद रविन्द्र देशवाल, रविंदर श्योराण, सीताराम ,बादाम सिंह , जयकरण , लक्ष्मी देवी , होशियारी आदि मौजूद रहे।

## रोहतक में शुरू हुई बच्चों की पीडियाट्रिक सर्जरी

**रोहतक।** शहर के एक निजी अस्पताल में दिल्ली के डॉक्टरों की तरफ से छोटे बच्चों की पीडियाट्रिक सर्जरी की पहली बार शुरुआत की गई है। पीडियाट्रिक सर्जरी, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. प्रशांत जैन की देखरेख में नवजात बच्चों की सर्जरी भी संभव हो सकेगी। डॉ. प्रशांत जैन ने बताया कि प्रगति चाइल्ड केयर हॉस्पिटल में यह पहल शुरू की गई है, जिससे मरीजों को दिल्ली जाने की बजाय अपने शहर में बेहतर व एडवांस टेक्नोलॉजी से इलाज की सुविधा देने का प्रयास है। सप्ताह में दो दिन ओपीडी करके मरीजों को देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पीडियाट्रिक सर्जरी से जुड़े मामलों में समय पर जांच और मूल्यांकन बेहद जरूरी होता है, लेकिन कई परिवार विशेष उपचार के लिए दूर जाने में हिचकिचाते हैं। ओपीडी के माध्यम से हमारा उद्देश्य रोहतक और आसपास के बच्चों को सुरक्षित, भरोसेमंद और विशेषज्ञ पीडियाट्रिक सर्जिकल परामर्श आसानी से उपलब्ध कराना है।

# बीएमयू की स्वयंसेवकों का राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में शानदार प्रदर्शन

- निहार योगी ने थी लेग रेस में प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में शानदार प्रदर्शन किया। यह सात दिवसीय शिविर में देशभर से आए स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बीएमयू की ओर से विधि संकाय के रितेश यादव और फिजियोथेरेपी विभाग के निहार योगी ने प्रतिनिधित्व किया। अदोनों स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान आयोजित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की और अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद दोनों स्वयंसेवक बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय लौटे तो कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने उनका सम्मान किया। खेल प्रतियोगिताओं में निहार योगी ने थ्री लेग रेस में प्रथम स्थान हासिल किया। रितेश यादव ने लेमन रेस में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया और अपनी चुस्ती तथा संतुलन का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में उत्साह का माहौल है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने दोनों छात्रों को बधाई दी। एनएसएस समन्वयक डॉ. मंजीत कुमार, नवीन कपिल, कार्यक्रम अधिकारी जसवीर, डॉ. प्रीति और डॉ. परमिला ने भी छात्रों की सफलता के प्रयासों को सराहा।



**रोहतक।** कथा वाचन करते हुए साक्षी गोपाल दास महाराज और मौजूद श्रद्धालु

## भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रोहतक।** इस्कॉन प्रचार समिति द्वारा इस्कॉन कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज, गउकर्ण धाम, माता दरवाजा रोहतक में चल रही श्रीमद भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा का शुभारंभ महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज के पावन सानिध्य में किया गया। मुख्य यजमान के रूप में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, समाजसेवी एवं उद्योगपति मनमोहन ऐरण, समाजसेवी सुरेश तायल, समाजसेवी नीता गुप्ता और प्रधान सुभाष तायल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर कथा का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों को समिति की ओर से केसर तिलक लगाया गया। कथा वाचन करते हुए साक्षी गोपाल दास महाराज ने बताया कि जब पृथ्वी पर पाप और अत्याचार बढ़ जाते हैं, तो पृथ्वी दुखी होकर भगवान से रक्षा की प्रार्थना करती है। कार्यक्रम में समिति द्वारा अतिथियों को मोती माला, पटका, पगड़ी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन विजय गुप्ता बाबा ने किया। कार्यक्रम में अनेक समाजसेवी व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (51 से 100)**

❖ पंजाब सिंह सुपुत्र स्व. श्री लहरी सिंह, म. नं. 1337, अर्बन स्टेट, जीन्द ❖ हंस राज चुघ सुपुत्र श्री चम्बा राम, म. नं. 318/3, हकीकत नगर, रेलवे रोड, जीन्द ❖वजीर सिंह सुपुत्र श्री भले राम, गांव बरसाना, खुंगा कोठी, जीन्द ❖ रचित एवं देव सुपुत्र श्री दीपक, एम्प्लॉयी कॉलोनी, गोहाना बाई पास, जीन्द ❖ सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री अजित सिंह, गुलमोहर सिटी, ई-507, कैथल ❖ राम सिंह सुपुत्र श्री नेकी राम, बालू बिडन पट्टी, कलायत, कैथल ❖ देवांशी सुपुत्री श्री गोपाल कृष्ण, कुलवन्त नगर, वार्ड नं. 14, कलायत, कैथल ❖ कशमीरी लाल सुपुत्र श्री काशी राम म. नं. 562/14, आदर्श नगर, कैथल ❖ राममेहर सुपुत्र श्री ज्ञानी राम, गांव व डा. रामराये, जीन्द ❖ मनीष सिंह सुपुत्र श्री दौलत सिंह, गांव न्यौला, झज्जर ❖ जय सिंह सुपुत्र श्री रामचन्द्र, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ बाल किशन सुपुत्र श्री सोनीराम, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ लक्षिता सुपुत्री श्री कवंर सिंह, गांव जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामसिंह गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जगदेव सिंह सुपुत्र श्री सिंह राम, ऋषि कॉलोनी झज्जर ❖ सुनील कुमार सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, बिरहड़, झज्जर ❖ राजेश कुमार सुपुत्र श्री सत्यपाल गांव लडायन, मातनहेल, झज्जर ❖ बलराम रोहिया सुपुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह रोहिया, बिरडू मातनहेल, झज्जर ❖ श्री सुरेश कुमार सुपुत्र श्री राममेहर, गांव खांडा, खरखौदा, सोनीपत ❖ महाबीर पुत्र श्री बाहल सिंह निवासी 605/25, आर्य नगर सोनीपत ❖ आयुष पुत्र श्री बिजेन्द्र निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जय नारायण, ओमेक्स सिटी, विला नं. 258, ब्लॉक-ए, सेक्टर-8 सोनीपत ❖ पवन कुमार सुपुत्री श्री ओमप्रकाश खत्री, भगत सिंह कॉलोनी, सोनीपत ❖ कृष्ण कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री ज्ञानी राम जांगड़ा, वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ जगमत सुपुत्र श्री जयपाल, गोच्छी, बेरी, झज्जर ❖ प्रेम सिंह सुपुत्र श्री नेता राम, बेरी, झज्जर ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं.देवी दत्त निवासी मकान नं.19/150, नई बस्ती, गली नं.1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ दयाराम पुत्र श्री कमलेश निवासी आर्य नगर, गली नं.2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ उमेश पुत्र श्री हवासिंह निवासी 12/410, सैनीपुरा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश शर्मा सुपुत्र श्री जगननाथ प्रसाद, रेलवे रोड, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ अमीर चन्द्र सुपुत्र श्री राधे श्याम, गीता कॉलोनी, वार्ड नं. 6, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ हरीराम टेलर सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव गुढ़ा केमथा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ नारंग लाल सुपुत्र श्री मनीराम, गांव मोहनपुर, नांगल, महेन्द्रगढ़ ❖ लव्या सुपुत्री श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनीता धर्मपत्नी श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ पुष्पा धर्मपत्नी श्री घनश्याम, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ ग़नश्याम धर्मपत्नी श्री छाजूराम नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ भरतराम प्रजापत सुपुत्र श्री भगवान दास गांव व डा. नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सरोज देवी बंसल धर्मपत्नी श्री रामकुमार बंसल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव शंकर शर्मा सुपुत्र श्री मंगतु रामजी शर्मा, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम भारद्वाज,नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ विवेक कुमार सुपुत्र श्री रतिराम, वार्ड नं. 4, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सतीश सुपुत्र श्री रतनलाल प्रजापत, गांव वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ अरूण कुमार सुपुत्र श्री कन्हैया लाल, पालतीमान, नजदीक गुरूद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ यश सुपुत्र श्री जोगेन्द्र, मन्नू नगर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ निरंजन लाल शर्मा सुपुत्र श्री गणेश लाल शर्मा, सेका, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव हरी चन्द्र अग्रवाल सुपुत्र श्री अमर चन्द्र, गुरुनानक पुरा नजदीक बड़ा गुरुद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यनारायण सुपुत्र श्री रामप्रसाद, गांव बजाड़, महेन्द्रगढ़।

*क्रमशः*

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** ईपीएफओ ने बहादुरगढ़ फुटवियर पार्क में संगोष्ठी-सह-कार्यशाला का आयोजन

# नई स्कीम और विशेष अभियान 2025 की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), क्षेत्रीय कार्यालय रोहतक की ओर से 20 नवंबर को फुटवियर पार्क एसोसिएशन, बहादुरगढ़ में स्कीम 2025 पर एक संगोष्ठी-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चमड़ा व फुटवियर उद्योगों, ट्रेड यूनियनों और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुक्त-द्वितीय केशव प्रताप सिंह चौधरी और जिला कार्यालय हिसार के सहायक आयुक्त गुरदेव सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अधिकारियों ने पीएम-वीबीआरवाई योजना से जुड़ी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला।



### पीएम-वीबीआरवाई योजना की मुख्य बातें

- योजना का कुल वित्तीय परिव्यय लगभग 99,446 करोड़ निर्धारित किया गया है।
- पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को एक माह के ईपीएफ वेतन 15,000 तक के बराबर प्रोत्साहन दो किस्तों में दिया जाएगा।
- नए रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को दो वर्षों तक प्रति कर्मचारी प्रति माह 3,000 तक प्रोत्साहन मिलेगा।
- विनिर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन चार वर्षों तक बढ़ा दिया गया है।
- प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी को पात्रता के लिए कम से कम छह महीने तक नौकरी में बनाए रखना अनिवार्य होगा।
- योजना 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगार पर लागू होगी।

### विशेष अभियान 2025 की जानकारी

- यह अभियान 1 नवंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा।
- इसके तहत पिछले आठ वर्षों में छूटे हुए कर्मचारियों के पीएफ नामांकन की सुविधा दी जा रही है।
- सभी प्रतिष्ठान—चाहे वे ईपीएफ अधिनियम के तहत पंजीकृत हों या नहीं-ईपीएफओ पोर्टल के माध्यम से जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच नियुक्त कर्मचारियों का विवरण अपलोड कर सकेंगे।
- जिन कर्मचारियों का पीएफ नहीं काटा गया, उनके कर्मचारी अंशदान को माफ किया गया है।

## हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन ने छात्राओं को चेताया

# भावनात्मक ब्लैकमेलिंग से बचें ब्वॉयफ्रेंड से न लें मोबाइल

■ कहा-विद्यार्थियों को अपनी गलतियां छुपाने की बजाय अपने अभिभावकों से सांझा करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने छात्राओं से भावनात्मक ब्लैकमेलिंग से बचने का आह्वान करते हुए कहा है कि जीवन में यह समझ लेना चाहिए कि मुफ्त में कुछ भी नहीं मिलता। चेयरपर्सन वीरवार को मॉडल टाउन स्थित पीएम कन्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए छात्राओं को कड़ी मेहनत के बलबूते पर आगे बढ़ना होगा।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि छात्राएं कभी भी अपने ऊपर किसी को हमदर्दी का हाथ ना रखने देना। उन्होंने कहा कि आयोग के समक्ष अनेक ऐसे मामले हैं जब भावनात्मकता और हमदर्दी की आड़ में लड़कियों व महिलाओं का शोषण किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी कार्य ना करे कि उन्हें पुरुष वर्ग के चंगुल में फंसना पड़े।

मोबाइल फोन का उदाहरण देते हुए महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि यह ऐसा उपकरण है जो ना तो कभी माफ करता है और ना ही भूलता है। पुलिस कई महीनों पुरानी मोबाइल डिटेलस भी निकाल लेती है। उन्होंने छात्राओं को समझाते हुए कहा कि अगर कोई बॉयफ्रेंड आपको एक लाख का मोबाइल फोन गिफ्ट में देता है तो यह समझ लेना की आप गलत दिशा में जा रहे हो, क्योंकि गिफ्ट देने वाले बॉयफ्रेंड के पास भी आय का कोई स्त्रोत नहीं होता। उन्होंने कहा कि सहेलियां अथवा मित्र बनाने का निर्णय सोच समझ कर ले। रेनू भाटिया ने कहा कि अक्सर जीवन में गलतियां हो जाती है, लेकिन छात्रों को अपनी गलतियां छुपाने की बजाय अपने अभिभावकों से सांझा करनी चाहिए। अगर अभिभावक को गलतियां सांझा करने में झिझक है तो अपनी अध्यापिका को अवश्य बताएं। अगर गलतियां सांझा नहीं करेंगे तो मामला उलझता ही चला जाएगा।

**लिव-इन रिलेशनशिप के दौरान महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई :** चेयरपर्सन ने कहा कि ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे कि जीवन बर्बादी की ओर चला जाए। रेणु भाटिया ने लिव-इन रिलेशनशिप के दौरान महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे संबंध अक्सर खतरनाक और विनाशकारी हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि लिव-इन रिलेशनशिप के अंत में अक्सर महिलाओं को धोखा, शारीरिक शोषण और धमकी का सामना करना पड़ता है।

### लिव-इन रिलेशनशिप को बताया गलत



रोहतक। पीएम कन्या राजकीय स्कूल में छात्राओं को सम्बोधित करतीं राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया।

### साइबर क्राइम हेल्पलाइन की जानकारी दी



कार्यक्रम में साइबर क्राइम के एसएचओ कुलदीप सिंह ने छात्राओं को साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर इस नंबर पर संपर्क नहीं होता तो 112 डायल किया जा सकता है। अगर दोनों नंबर व्यस्त आते हैं तो ऑनलाइन पोर्टल साइबर पर शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। पोर्टल पर महिलाओं व बच्चों के अलग से विकल्प दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिना नाम के भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। इसके अलावा उन्होंने साइबर बुलिंग, साइबर ग्रूमिंग, डिजिटल अरेस्ट व वीडियो एडिटिंग से ब्लैकमेलिंग आदि के बारे में जानकारी दें। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए ईमेल पासवर्ड बदलने तथा एम कवच 2 ऐप डाउनलोड करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार नहीं करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जगदीश कुमार ने लीगल, पोश व पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डीएसपी दलिप सिंह, करमिन्द्र कौर, एसएचओ मीना, सहायक अंजू व उप जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी व प्राचार्या मीता आदि मौजूद थे।

## उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सीएलयू प्रक्रिया सरल की

**रोहतक।** हरियाणा सरकार की प्रदेश में व्यवसाय / व्यापार को आसान बनाने अर्थात ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की मौजूदा पॉलिसी के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम वर्ग के उद्योगों को अधिक से अधिक बढ़ावा देने की पहल पर सीएलयू आवेदन करने एवं उसके अन्दर उल्लेखित नियम एवं -शर्तों को काफी सरल एवं सुविधाजनक कर दिया गया है। डीसी सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा के ग्राम तथा नगर आयोजना विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अंतर्गत एग्रीकल्चर जोन(नोटिफाईड कंट्रोल्ड एरिया एवं प्रकाशित अंतिम विकास प्लान का भाग है) पर उद्योग लगाने के लिए सीएलयू नियमों में संशोधन किया गया है।

पहले गांव से जोड़ने वाली सड़क एवं राष्ट्रीय राजमार्ग व अधिसूचित सड़क को छोड़कर बाकी अन्य कम से कम 33 फीट की चौड़ाई की सड़क पर ही उद्योग लगाने के लिए सीएलयू की मंजूरी प्रदान की जाती थी, लेकिन अब जारी की गई नवीनतम हिदायत अनुसार गांव को जोड़ने वाली कम से कम 20 फीट चौड़ी सड़क पर भी उद्योग लगाने के लिए सीएलयू मंजूरी मिलने में कोई बाधा नहीं होगी। उद्योगों को एग्रीकल्चर जोन के अन्दर लगाने की यह मंजूरी न केवल गांव को जोडऩे वाली 20 फीट चौड़ी सड़क पर मिलेगी बल्कि यह मंजूरी पहले से मौजूद पंचायती रास्ते में जोड़ी गई हिब्बेनामे की 33 फीट से कम भूमि पर भी मिलेगी। साथ ही उद्योग लगाने की सीएलयू मंजूरी राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अधिसूचित सड़क पर भी कन्फर्मिंग होगी बशर्ते आवेदनकर्ता संबंधित विभाग से पहले रास्ते की पहुंच हेतु एनओसी ग्रहण करें।

## खबर संक्षेप



### वेदांत कृष्णा नेशनल गेम्स के लिए चयनित

**रोहतक।** कक्षा 7 के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी और गोलकीपर वेदांत कृष्ण ने अपनी उत्कृष्ट खेल क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 श्रेणी में नेशनल गेम्स के लिए जगह पक्की कर ली है। वेदांत जल्द ही अंबाला स्थित राष्ट्रीय कैंप में हिस्सा लेंगे, जहां अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन में उन्हें उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कैंप पूर्ण होने के बाद वे मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल महाकुंभ में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्कूल के निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने वेदांत के चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके लगातार परिश्रम, समर्पण और खेल के प्रति उनकी लगन का परिणाम है। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने कहा कि वेदांत की इस कामयाबी ने विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सह-निदेशक हिमांशु गुप्ता ने फुटबॉल कोच पंकज की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को तराशने और उन्हें ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनका योगदान सराहनीय है।



### हैप्पी गुलिया बने एबीवीपी एमडीयू के अध्यक्ष

**रोहतक।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एमडीयू इकाई रोहतक द्वारा सत्र 2025-26 के नवीनतम इकाई की घोषणा की गई। इकाई अध्यक्ष हैप्पी गुलिया और इकाई मंत्री कुमारी यशु शर्मा को दायित्व दिया गया। इकाई उपाध्यक्ष रवि खिलेरी , गौरव चौहान, सुरभि शर्मा, इकाई सह मंत्री कुमारी प्रिया , हितेश खत्री , तुषार चौहान को दायित्व दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया संयोजक रमन शर्मा , प्रांत शोध संयोजन सुमित सरोवा, जिला संयोजक अंकित फोगाट, रोहतक महानगर सहमंत्री हर्षित फोगाट, प्रियंका ,पंकज , बलवान , मोहित , रजनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### गौड़ कॉलेज ने स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में बृहस्पतिवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सामाजिक जागरूकता और सेवा भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। शिविर की शुरुआत कॉलेज प्रांगण में स्वच्छता अभियान से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया। डॉक्टरों की टीम द्वारा 85 विद्यार्थियों व स्टाफ का एचबी, ब्लड शुगर, बीपी तथा कॉलेस्ट्रॉल परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस इंचार्ज डॉ. पिंकी चौहान ने सभी अतिथियों, स्वयंसेवकों और डॉक्टर टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। एनएसएस इंचार्ज डॉ. मनीषा कौशिक ने मंच संचालन करते हुए शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर कॉलेज उप प्राचार्य डॉ. धर्मवीर भारद्वाज, डॉ. कपिल कौशिक, रवि कौशिक सहित अन्य संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### समस्याओं के समाधान की हो रही निगरानी

**रोहतक।** जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। इसमें नगराधीश अंकित कुमार तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे बारे निर्देश दिए। नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि संबंधित अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करवाएं। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एक छत के नीचे सभी विभागों की हर शिकायत का तुरंत निदान करने के उद्देश्य से हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों के निपटारे की निरंतर वर्चुअली निगरानी की जा रही है। इस अवसर पर डीएमसी जितेंद्र सिंह, परिवहन विभाग के यातायात प्रबंधक नवीन कुमार, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राजेश भारद्वाज, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, उप-जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश बिड्डू मौजूद रहे।



### सड़क सुरक्षा स्पर्धा में 3809 ने लिया हिस्सा

**रोहतक।** हरियाणा पुलिस द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता 2025-26 का ब्लॉक स्तरीय चरण बृहस्पतिवार को जिला रोहतक में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के कुल 3809 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर यातायात नियमों संबंधी अपनी समझ और जागरूकता का प्रदर्शन किया। प्रभारी यातायात पश्चिम निरीक्षक जसबीर और राजेश ने प्रतिभागी छात्रों को कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का ज्ञान हर नागरिक के लिए अनिवार्य है। नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर विजेता रहने वाली टीमें अब आगामी जिला स्तरीय परीक्षा में हिस्सा लेंगी।



### खो-खो प्रतियोगिता में सैनी स्कूल का दबदबा

**रोहतक।** जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी स्टेडियम में किया गया। संघ के जिला प्रधान सुभाष रूहील ने बताया कि जूनियर लड़कों में सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गुरुकुल भैयापुर लाढ़ौत की टीम दूसरे स्थान पर रही। जूनियर गर्ल्स वर्ग में सैनी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया और दूसरा स्थान गवर्नमेंट स्कूल चिड़ी ने प्राप्त किया। सब-जूनियर लड़कों में सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम पहले स्थान पर रही और गवर्नमेंट स्कूल मसूदपुर दूसरे स्थान पर रहा। सब-जूनियर लड़कियों में प्रथम स्थान गवर्नमेंट स्कूल चिड़ी और द्वितीय स्थान संस्कार वैली पब्लिक स्कूल पटवापुर की टीम ने प्राप्त किया। जिला रोहतक खो-खो संघ के महासचिव उपेंद्र नैन ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान राज्य स्तरीय मुकाबलों के लिए खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। इस दौरान उप प्रधान समीर राणा, कोषाध्यक्ष योगेश हुड्डा, प्रिंसिपल डॉ. रामकुमार सैनी, प्रिंसिपल एडवोकेट संजय कौशिक मौजूद रहे।



### जिंदरान में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग ने ग्राम जिंदरान में निशुल्क फिजियोथेरेपी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। यह शिविर ग्राम पंचायत जिंदरान के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीणों को फिजियोथेरेपी, बिना दवाई उपचार, सांस व्यायाम और विभिन्न रोगों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में विभाग से डॉ. प्रदीप आर्य और डॉ. सुमन रानी ने ग्रामीणों को फिजियोथेरेपी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। बीपी जांच और सामान्य फिजियोथैरेपी परामर्श सहित कई सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध कराई गईं। विद्यार्थियों में उर्वशी, पूना, निलेश, राखी, नेन्सी,रिशिता, साहिल, आहना, स्वाति, हिमांशी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से सेवाएं दीं। शिविर में आए दर्जनों ग्रामीणों ने फिजियोथेरेपी के जरिए दर्द और अन्य समस्याओं के समाधान की उपयोगी जानकारी प्राप्त की। ग्राम पंचायत जिंदरान की सरपंच प्रमिला ने शिविर आयोजन के लिए विश्वविद्यालय का धन्यवाद किया। सरपंच प्रमिला ने प्रशंसा पत्र देते हुए फिजियोथेरेपी विभाग के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की अपील की। इस शिविर के माध्यम से बीएमयू के फिजियोथेरेपी विभाग ने ग्रामीणों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

## एमडीयू खेल उत्सव में सीआर कॉलेज सोनीपत छाया

■ 50वीं वार्षिक एथलेटिक मीट संपन्न, महिला वर्ग में टीका राम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित 50वीं वार्षिक एथलेटिक मीट वीरवार को संपन्न हो गई। इस तीन दिवसीय एथलेटिक मीट में पुरूष वर्ग में सीआरए कालेज सोनीपत तथा महिला वर्ग में टीका राम गर्ल्स कालेज, सोनीपत चैंपियन बना। एथलेटिक्स कोच डा. रमेश सिन्धु ने बताया कि पुरूष वर्ग में सीआरए कालेज, सोनीपत आकाश तथा महिला वर्ग में एआईजीबी संस्कृत कालेज, रोहत की अंजलि बेस्ट एथलीट बने। टीम चैंपियनशिप पुरूष में सीआरए कालेज सोनीपत 91 प्वाइंटस के साथ प्रथम, जाट कालेज रोहतक 33 प्वाइंटस के साथ दूसरे तथा एसजेके कालेज, कलानौर 28 प्वाइंट के साथ तीसरे नंबर पर रहा।





रोहतक। रेस में भाग लेते प्रतिभागी तथा विजेताओं को सम्मानित करते डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो . विनीता हुड्डा तथा खेल निदेशक डॉ. शंकुतला बैनीवाल।

### एमकेजेके रनरअप

टीम चैंपियनशिप महिला में टीका राम गर्ल्स कालेज सोनीपत 108 प्वाइंटस के साथ प्रथम, एमकेजेके कालेज रोहतक 69 प्वाइंटस के साथ दूसरे तथा जीवीएम गर्ल्स कालेज सोनीपत 36 प्वाइंटस के साथ तीसरे नंबर पर रहा। डा. मंगल सेन मल्टीपर्पज जिम्नैजियम हॉल में आयोजित समापन समारोह में डीन, कालेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. विनीता हुड्डा तथा खेल निदेशक डा. शंकुतला बैनीवाल ने विजेताओं को सम्मानित किया और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। डॉ. रमेश सिन्धु ने इस खेल प्रतियोगिता का संचालन एवं समन्वयन किया। इस अवसर पर खेल शिक्षक, प्रशिक्षक, प्रतिभागी टीमों के इंचार्ज, खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## पीजीआईएमएस को एनएबीएच मान्यता मिलने से मरीजों को मिलेगा विश्व स्तरीय इलाज : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ एनएबीएच की महत्वता के बारे में विशेषज्ञों का व्याख्यान

यदि आप पीजीआईएमएस में इलाज के लिए आ रहे हैं तो यह खबर आपके काफी काम की हो सकती है। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल ने प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देने की राह पर कदम बढ़ा दिया है। गुरुवार को पीजीआई के लेक्चर थियेटर वन में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा गुणवत्ता यात्रा प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स (एनएबीएच) की महत्वता के बारे में विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया गया। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और मरीजों को बेहतर देखभाल, सुरक्षित उपचार और उच्च मानकों की अपेक्षा है। हमें इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयास करना होगा। एनएबीएच मान्यता हमें इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। डॉ. अग्रवाल ने आगे कहा कि एनएबीएच मान्यता प्राप्त करना केवल आवश्यकताओं को पूरा करना नहीं है, बल्कि यह गुणवत्ता, सुरक्षा और निरंतर सुधार की संस्कृति बनाने के बारे में है। चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रोग्राम के ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल की इच्छा है कि प्रदेश की गरीब जनता को विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिले, इसी कड़ी में उन्हें संस्थान को एनएबीएच मान्यता दिलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, इसलिए आज यह प्रोग्राम आयोजित करवाया गया है।

डॉ. सुखबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में व्याख्यान देने आए विशिष्ट अतिथि जिंदल मेडिकल साइंस इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक डॉ. शेखर सिन्हा, एनएबीएच के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. अमन जैन और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट मोहम्मद सलीम ने एनएबीएच मान्यता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।





### एथलीट मीट में हरिओम और ममता ने जीता खिताब

**महम।** साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा में नौवीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय रोहतक के प्रिंसिपल सुरेन्द्र सांगवान खेलों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मिनाक्षी सांगवान प्राचार्या राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना गेस्ट ऑफ़ ऑनर रहीं। मोखरा राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनू नैन ने बताया कि बीए द्वितीय वर्ष के छात्र हरिओम और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ममता को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लड़कों की 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में हरिओम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो तथा जैवलीन थ्रो में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र सावन पहले स्थान पर रहा। जबकि लोंग जंप में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र सोहन ने प्रथम स्थान हासिल किया। हाई जंप में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र संगम प्रथम स्थान पर रहा। लड़कियों की 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में व लोंग जंप में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ममता ने प्रथम पुरस्कार जीते। जैवलीन थ्रो में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अंजलि पहले स्थान पर रही। प्रतियोगिता का प्रबंधन डॉ. मस्तराम सहायक प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा ने किया। जबकि सह-प्रबंधन संदीप कुमार दांगी सहायक प्रोफेसर हिंदी ने किया। मंच का सन्चालन डॉ. दीपक लठवाल तथा सुनीता धनखड़ द्वारा किया गया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



### नहरों में कुछ भी सामान प्रवाहित न करने का संकल्प लिया

**रोहतक।** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गांव रिठाल में चल रहे एनएसएस कैंप के चौथे दिन बढ़ता जल प्रदूषण और जागरुकता विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नहरों नदियों में कुछ भी सामान प्रवाहित न करने का संकल्प भी दिलवाया गया। मुख्य वक्ता जाट कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. जसमेर सिंह ने कहा कि "जल को बचाना और उसे प्रदूषण मुक्त रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सुनो नहरों की पुकार मिशन टीम जल स्वच्छता का संदेश लेकर विद्यालय पहुंची। यहां पहुंचने पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सीमा सैनी और एनएसएस वॉलंटियर्स ने टीम का हार्दिक स्वागत किया। ईश्वर सिंह दलाल, रणबीर मलिक व अजय हुड्डा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

### विधायक विनोद भ्याना ने पर्ची-खर्ची पर कांग्रेस को घेरा

## मार्केट कमेटी चेयरमैन अशोक चौधरी ने ली पद की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विधायक विनोद भ्याना ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करके राजनीति के मायने बदलने का कार्य किया है। भ्याना वीरवार को नई अनाज मंडी में मार्केट कमेटी रोहतक के नव नियुक्त चेयरमैन अशोक चौधरी व वाइस चेयरमैन सतीश गोयल के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से पहले सरकारी नौकरियां बेचने के साथ-साथ जातिवाद, भाई-भतीजावाद के आधार पर दी जाती थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था को बदलने का साहस दिखाया। प्रदेश में बिना पर्ची-बिना खर्ची सरकारी नौकरियां देने की मजबूत व्यवस्था प्रदान की।



रोहतक। नव नियुक्त चेयरमैन अशोक चौधरी व वाइस चेयरमैन सतीश गोयल पदभार सभालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मंडी में स्थापित की जाएगी पुलिस चौकी : ग्रोवर

विनोद भ्याना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने जातिवाद व किसान के नाम पर वोट चोरी करने का काम किया। लेकिन कभी भी समाज के कमजोर वर्ग की भलाई के लिए कोई कार्य नहीं किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि नवनियुक्त चेयरमैन अशोक चौधरी के नेतृत्व में अब मार्केट कमेटी में तेजी से विकास होगा। चेयरमैन मंडी में सोलर सिस्टम लगाने तथा दुकानों को वातानूकुलित बनाने के लिए प्रोजेक्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की मांग के अनुसार मंडी क्षेत्र में पुलिस चौकी भी स्थापित की जाएगी। मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने कहा कि हरियाणा की जनकल्याणकारी योजनाओं का अनुसरण दूसरे प्रदेश के लोग कर रहे हैं। सभी नेताओं ने नवनियुक्त चेयरमैन अशोक चौधरी व वाईस चेयरमैन सतीश गोयल को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर चेयरमैन उदयभान मलिक, नीरज यादव, खुशीराम, नौरोतामल भटनागर, नरेश बोहर, नितिन जैन, राजकमल सहगल, प्रतिभा सुमन, नवनीत अहलावत, दिनेश धनखड़, राजेश सहगल, सुरेश किराड़ व जितेंद्र आदि मौजूद थे।